FIRST INFORMATION REPORT
(Under Section 173 B.N.S.S)

प्रथम सूचना रिपोर्ट
(धारा 173 बी एन एस एस के तहत)

1. **District (जिला):** State Vigilance & Anti Corruption Bureau, Haryana **P.S. (थाना):** ACB, Panchkula **Year (वर्ष):** 2026

FIR No. (प्र.सू.रि. सं.): 0014 **Date and Time of FIR (प्र.सू.रि. की दिनांक और समय):** 09/10/2026 18:03 hrs

2.

S.No. (क्र.सं.)	Acts (अधिनियम)	Sections (धारा(एँ))
1	PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988	7

3. **(a)** **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1 **Day (दिन):** Intervening Days **Date from (दिनांक से):** 26/08/2026 **Date To (दिनांक तक):** 09/10/2026

Time Period (समय अवधि): **Time From (समय से):** 00:00 hrs **Time To (समय तक):** 15:15 hrs

(b) **Information received at P.S. (थाना जहां सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 09/10/2026 **Time (समय):** 17:04 hrs

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ):** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 008 **Date and Time (दिनांक और समय):** 09/10/2026 17:04 hrs

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** Written

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. **(a) Direction and distance from P.S. (थाना से दूरी और दिशा):** NORTH-EAST, 30 Km(s) **Beat No. (बीट सं.):**

(b) Address (पता): रायपुर रानी,

(c) In case, outside the limit of this Police Station, then Name of P.S. (यदि थाना सीमा के बाहर है तो थाना का नाम):

District (State) (जिला (राज्य)):

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name (नाम):** अनवर

(b) **Father's Name (पिताका नाम):** श्री बलकार

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि / वर्ष):** 1991 **(d) Nationality (राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No. (यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**

Date of Issue (जारी करने की दिनांक): Place of Issue (जारी करने का स्थान):

(g) ID Details (Ration Card, Voter ID Card, Passport, UID No., Driving License, PAN) (पहचान विवरण (राशन कार्ड ,मतदाता कार्ड ,पासपोर्ट, यूआईडी सं., ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड))

S. No. (क्र.सं.)	ID Type (पहचान पत्र का प्रकार)	ID Number (पहचान संख्या)

(h) Occupation (व्यवसाय):

(i) Address
(पता):

S.No. (क्र.सं.)	Address Type (पता का प्रकार)	Address (पता)
1	Present Address	हरयोली जिला पंचकुला, PANCHKULA, HARYANA, INDIA
2	Permanent Address	हरयोली जिला पंचकुला, PANCHKULA, HARYANA, INDIA

(j) Phone number (दूरभाष सं.): Mobile (मोबाइल सं.): 91-8221017997

7. Details of known / suspected / unknown accused with full particulars (ज्ञात / संदिग्ध / अज्ञात अभियुक्त का पूरे विवरण सहित वर्णन):

S. No. (क्र.सं.)	Name (नाम)	Alias (उपनाम)	Relative's Name (रिश्तेदार का नाम)	Present Address(वर्तमान पता)
1	अमित कुमार रजिस्ट्री कर्लक			1. तहसील कार्यालय रायपुर रानी, PANCHKULA,HARYANA,INDIA

8. Reasons for delay in reporting by the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):

9. Particulars of properties of interest (संबन्धित सम्पत्ति का विवरण):

S. No. (क्र.सं.)	Property Category (सम्पत्ति श्रेणी)	Property Type (सम्पत्ति के प्रकार)	Description (विवरण)	Value(In Rs/-) (मूल्य (रु में))

10. Total value of property (In Rs/-) (सम्पत्ति का कुल मूल्य(रु में)):

11. Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण सं., यदि कोई हो):

S. No. (क्र.सं.)	UIDB Number (यू.डी.प्रकरण सं.)

12. First Information contents (प्रथम सूचना तथ्य):

नकल लेख इस प्रकार से है

सेवा में,
श्रीमान जी,
निवेदन है कि मै अनवर पुत्र श्री बलकार निवासी गाँव हरयोली जिला पंचकूला का रहने वाला हूं और जमीन व प्लाट खरीदवाने और बिकवाने (प्रापर्टी डीलर) का कार्य करता हूँ । इसलिए मेरा जमीन व प्लाट की खरीद फरोख्त की रजिस्ट्री करवाने के सम्बन्ध में तहसील रायपुर रानी में बार- बार आना जाना रहता है । मेरे पास प्लाट न. 71 शिव

कालौनी रायपुर रानी की मालिक श्रीमति किरण बाला के परिवार वालो ने अपना प्लाट बेचने के सम्बन्ध में लगभग एक माह पहले मुझसे सम्पर्क किया था । जिस पर मैने उक्त प्लाट को लविश कुमार को दिखाया जिसको प्लाट पसन्द आने के बाद मकान मालिक श्रीमति किरण बाला व लविश कुमार का आपस में 06 लाख रुपये में सौदा तय हो गया था जिस पर रजिस्ट्री करवाने के सम्बन्ध में मेरे द्वारा श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुर रानी से बातचीत की गई जिसने उक्त प्लाट की रजिस्ट्री करने की एवज में कुल 01 लाख रुपये बतौर रिश्वत मांगे थे । श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क रायपुर रानी ने तहसील कार्यालय में दिनांक 26/27.08.2026 को मेरे से 50 हजार रुपये बतौर रिश्वत ले लिए थे व दिनांक 19.09.2026 को अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क द्वारा उपरोक्त प्लाट की रजिस्ट्री लविश कुमार की अपनी माता श्रीमति सुमन देवी के नाम करवा दी थी परन्तु अभी तक श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क द्वारा उपरोक्त प्लाट की रजिस्ट्री की कापी हमे नही दी है । इसी दौराने मेरे द्वारा एक अन्य जमीन का सौदा अमनदीप पुत्र श्री गुरमीत सिंह निवासी हरयोली को उसके चाचा श्री सुखबीर सिंह पुत्र श्री चरण सिंह गाँव हरयोली की दो कनाल जमीन का करवाया गया है । जिसकी रजिस्ट्री अभी करवानी बकाया है । मेरे द्वारा श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुररानी से इस प्लाट की रजिस्ट्री करवाने के सम्बन्ध में बातचीत की गई तो अमित कुमार ने कहा कि प्लाट न. 71 शिव कालौनी रायपुर रानी की रजिस्ट्री करवाने के रिश्वत के बकाया 50 हजार रुपये अभी तक आपने नही दिए पहले वो रुपये मुझे दो फिर में उपरोक्त 2 कनाल की रजिस्ट्री करवाने के लिए आपके 25,000 रुपये देने होगें जिसको मेरे द्वारा 20,000/- रुपये देने बारे तय हुए है और पूर्व में की गई रजिस्ट्री सहित कुल 70,000/-रुपये बतौर रिश्वत देने होगें । आज दिनांक 09.10.2026 को उपरोक्त 2 कनाल की रजिस्ट्री भी हो गई है । इन दोनो रजिस्ट्रियां करने की एवज में व की गई रजिस्ट्रियों की प्रतियां देने की एवज में श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क द्वारा कुल 70,000/- रुपये की मांग कर रहा है । जिसकी मैने कई बार दो वाइस रिकार्डर में रिकार्डिंग की हुई है जिनमें से एक रिकार्डिंग में दिनांक 08.10.2026 को जिसमें आरोपी द्वारा मेरे से अपने कार्यालय में बैठकर इशारे व पैन के साथ पेपर पर लिखकर रिश्वत की मांग की है । वाइस रिकार्डर मैं बाद में पेश कर दूँगा । मै श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुर रानी जिला पंचकूला को 70,000/- रुपये बतौर रिश्वत नही देना चाहता और उसे रंगे हाथों पकडवाना चाहता हूँ । श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुर रानी जिला पंचकूला के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए ।

SD ANWAR

अनवर पुत्र श्री बलकार
निवासी गाँव हरयोली जिला

पंचकूला

मो.न. 8221017997.

कार्यवाही पुलिस – आज मै निरीक्षक हाजिर थाना राज्य सतकर्ता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर -17 पंचकूला हाजिर हूँ कि मेरे मोबाईल नम्बर 9416475296 पर अनवर पुत्र श्री बलकार निवासी गाँव हरयोली जिला पंचकूला के मोबाईल नम्बर 82210 17997 से फोन आया और उसने बतलाया कि मै जमीन व प्लाट खरीदवाने और बिकवाने (प्रापर्टी डीलर) का कार्य करता हूँ और श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुर रानी मुझसे रजिस्ट्रियां करवाने की एवज व करवाई गई रजिस्ट्रीयां की कापी देने की एवज में रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसको मै रिश्वत की राशि नही देना चाहता जिसको रिश्वत की राशि देते हुए रगें हाथो पकडवाना चाहता हूँ जिसने मुझे फोन पर बतलाया की रिश्वत की मांग बारे उसके द्वारा रिकार्डिंग कर रखी है। जो सूचना काबिले यकीन है। जिस बारे उच्च अधिकारियो को अवगत करवाया गया और श्री धर्मेन्द्र सिंह उप मण्डल अभियन्ता जन स्वास्थ्य विभाग पंचकूला को राजपत्रित अधिकारी /स्वतंत्र गवाह को नियुक्त करवाया गया और एक अन्य कर्मचारी साथ में लेकर आने बारे कहा गया । इसके उपरान्त मै निरीक्षक मय साथी निरीक्षक कान्ता, निरीक्षक अजय कुमार, स.उ.नि. नरेन्द्र कुमार 11/ PKL, स.उ.नि. प्रदीप कुमार 660/ PKL, इ.ए.एस.आई. दर्शन सिंह न. 341/यमुनानगर, सिपाही राजन न. 2757/गुरुग्राम, के वा गाडी सरकारी न. HR03GV 7853 जिसका चालक सि. सुभाष 709/ PKL को रेड पार्टी में शामिल करके मय राजपत्रित अधिकारी/स्वतंत्र गवाह के त्रिलोकपुर मोड के नजदीक रायपुर रानी पहुँचा हूँ । जो त्रिलोकपुर मोड के पास शिकायतकर्ता श्री अनवर उपरोक्त हाजिर मिला है जिसका परिचय श्री धर्मेन्द्र सिंह उप मण्डल अभियन्ता जन स्वास्थ्य विभाग पंचकूला राजपत्रित अधिकारी/स्वतंत्र गवाह से करवाया गया व शिकायतकर्ता अनवर द्वारा अपनी शिकायत के साथ पेश की गई रिकार्डिंग डिवाइस की रिकार्डिंग को राजपत्रित अधिकारी को सुनाया गया जो रिकार्डिंग अनुसार श्री अमित कुमार रजिस्ट्री कलर्क तहसील रायपुर रानी द्वारा रिश्वत की मांग करने की पुष्टी होती है। शिकायतकर्ता अनवर उपरोक्त द्वारा

अपनी उपरोक्त टाइप शुदा शिकायत के साथ रिश्वत के रुप में दिए जाने वाले 500/500 के 140 नोट कुल 70,000/- रुपये पेश किए जिनकी अलग से फर्द सूची नोट वा इन्वन्ट्री नोट, फर्द मकबुजगी करंसी नोट, जामा तलाशी, हवालगी करंसी नोट शिकायतकर्ता तथा नियुक्ति छाया गवाह व फर्द डेमोस्ट्रेशन घोल अलग से तैयार की गई । जो शिकायत उपरोक्त के सार से अपराध जेर धारा 7 पी.एस. एक्ट 1988 का होना पाया गया है जिसपर लेख लिखकर बराये करने अंकित अभियोग बादस्त इ.ए.एस.आई. दर्शन सिंह 341/यमुनानगर के थाना सैक्टर -17 भेजा जा रहा है रेड की सूचना लीक होने के डर के कारण इ.ए.एस.आई. दर्शन सिंह 341/यमुनानगर को सावधानी बरतने की हिदायत मुनासिब की गई । अभियोग अंकित करने उपरान्त प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां बतौर स्पैशल रिपोर्ट, स्पैशल जज अदालत पंचकूला व उच्च अधिकारियों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाए तथा अभियोग की पुलिस फाइल मौका पर भिजवाई जाए । मै निरीक्षक मय साथी कर्मचारियों के रेड कार्यवाही में व्यस्त होता हूँ।
अज – नजदीक त्रिलोकपुर मोड रायपुर रानी ।

SD RUPESH CHAUDHARY
(रुपेश चौधरी, निरीक्षक)
थाना रा.स. एवं. भ्र.नि.ब्यूरो,
सैक्टर -17 पंचकूला ।
दिनांक 09.10.2026
समय 3:15 PM

उपरोक्त तहरीर पर अभियोग नम्बर 14 दिनाँक 09.10.2026 धारा 7 पी.सी.एक्ट 1988 थाना राज्य सर्तकता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो सैक्टर-17 पंचकुला अंकित करके स्पैशल रिपोर्ट ई. मेल के माध्यम से स्पैशल मैजीस्ट्रेट साहब,पचंकुला जिला पंचकुला की सेवा में व उच्च अधिकारियों की सेवा में भिजवाई जा रही है । असल तहरीर व अभियोग की पुलिस फाईल ई.ए.एस.आई.दर्शन सिहँ 341/यमुनानगर के माध्यम से मोका पर भेजी गई है । इन्द्राज रिकार्ड विधि अनुसार किया गया ।

13. **Action taken: Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.**
(की गयी कार्यवाही : चूंकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता है कि अपराध करने का तरीका मद सं. 2 में उल्लेख धारा के तहत है.):

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जांच के लिए लिया गया): / or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.) (जांच अधिकारी का नाम):** Rupesh Chaudhary **Rank (पद):** I (Inspector)

No. (सं.): KR14 **to take up the Investigation (को जांच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or (या)**

(3) **Refused investigation due to (जांच के लिए): or (के कारण इंकार किया या)**

(4) **Transferred to P.S. (थाना): District (ज़िला):**

on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित).

F.I.R. read over to the complainant / informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant /informant, free of cost. (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गयी, सही दर्ज हुई माना और एक कॉपी निशुल्क शिकायतकर्ता को दी गयी)

R.O.A.C.
(आर.ओ.ए.सी.)

Signature of Officer in charge, Police Station
(थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)

Name (नाम): MOHIT HANDA

Rank (पद): SP (Superintendent of Police)

No. (सं.): IPS

14. **Signature / Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर /अंगूठे का निशान)**

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused: (If known / seen)

(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण: (यदि ज्ञात / देखा गया))

S. No. (क्र.सं.)	Sex (लिंग)	Date / Year Of Birth (जन्म तिथि / वर्ष)	Build (बनावट)	Height (cms) (कद (से.मी.))	Complexion (रंग)	Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह)
1	2	3	4	5	6	7
1	Male	1990				**Is pox pitted:** Yes

Deformities / Peculiarities (विकृतियाँ / विशिष्टताएँ)	Teeth (दाँत)	Hair (बाल)	Eye (आँखें)	Habit(s) (आदतें)	Dress Habit (s) (पहनावा)
8	9	10	11	12	13

Language/Dialect (भाषा/बोली)	Place of (का स्थान)					Others (अन्य)
	Burn Mark (जले हुए का निशान)	Leucoderma (लुकोदेर्मा(सफ़ेद धब्बे))	Mole (मस्सा)	Scar (घाव)	Tattoo (गूदे हुए का)	
14	15	16	17	18	19	20

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.

(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है)